कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

–:: आदेश ::–

शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कार्मिकों के लिए प्रतियोगी परीक्षा हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं विदेश यात्रा हेतु अनुमति के प्रकरणों के सहज एवं त्वरित निस्तारण के क्रम में शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन मॉड्यूल प्रारम्भ किए गए हैं। इस हेतु आवेदनकर्त्ता अधिकारी/कार्मिक द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर स्टाफ लॉगिन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जा सकेगा, जिसे संबंधित संस्था प्रधान/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जांच उपरान्त निस्तारण की अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित आदेशकर्त्ता अधिकारी कार्यालय को ऑनलाईन ही प्रेषित किया जाना है। आवेदनकर्त्ता अधिकारी/कार्मिक के संवर्ग के अनुसार आदेशकर्त्ता अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी/संयुक्त निदेशक/निदेशक) द्वारा ऑनलाइन प्राप्त उक्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। इस हेतु पृथक से आवेदन की प्रति एवं दस्तावेज प्रेषित नहीं किए जाने है।

भविष्य में समस्त अधिकारी/कार्मिक अपने प्रतियोगी परीक्षा हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं विदेश यात्रा हेतु अनुमति आवेदन के प्रकरण शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही प्रेषित करेंगे तथा प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का सक्षम अधिकारी यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कर आदेश जारी करना सुनिश्चित करेंगे।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/शालादर्पण/60304/2019/49 **दिनांक : 07/06/2021**

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान–जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा), राजस्थान, बीकानेर।
5. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर।
6. निदेशक, राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ,उदयपुर।
7. सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
8. सचिव, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, शिक्षा संकुल, जयपुर।
9. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
10. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर।
11. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
12. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर।
13. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान।
14. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
15. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
16. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
17. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
18. प्रबन्धक, राजकीय गुरूनानक संस्थान भवन, जयपुर।
19. समस्त संस्था प्रधान/पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ), राजकीय विद्यालय।
20. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
21. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
22. वरिष्ठ सम्पादक, शिविरा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
23. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
24. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर